बी.ई.एस.सी.–131

# कला स्नातक

## (बी.ए.जी.)

## नियतकार्य

जुलाई 2022 और जनवरी 2023 सत्रों में नामांकित विद्यार्थियों के लिए

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.एस.सी.–131

शिक्षा : संप्रत्यय, प्रकृति एवं परिप्रेक्ष्य

इग्नू
जन–जन का
विश्वविद्यालय

शिक्षा विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि हमने कार्यक्रम संदर्भित में आप को अवगत कराया था कि इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता है:

i) नियतकार्यों के माध्यम से सतत् मूल्यांकन, और ii) सत्रान्त परीक्षा। अंतिम परिणाम में, पाठ्यक्रम के नियतकार्यों के लिए 30 प्रतिशत अधिभार दिया जाता है जबकि सत्रान्त परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अधिभार दिया जाता है।

आपको छः क्रेडिट पाठ्यक्रम (क्रेडिट कोर्स) के लिए तीन अनुशिक्षक अंकित नियतकार्य (टी.एम.ए.) और चार क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए दो टी.एम.ए. करने होंगे। इस नियतकार्य पुस्तिका में मूल पाठ्यक्रम (कोर कोर्स) **बी.ई.एस.सी.–131 शिक्षाः संप्रत्यय, प्रकृति एवं परिप्रेक्ष्य** के लिए टी.एम.ए. है जो कि छः क्रेडिट पाठ्यक्रम है। अतः पुस्तिका में तीन टी एम ए हैं जिसके कुल अंक 100 हैं और 30 प्रतिशत का अधिभार दिया गया है।

**नियतकार्य 'अ'** में वर्णनात्मक कोटि के प्रश्न (डी सी क्यू) हैं। इनका मतलब परिचय और निष्कर्ष सहित निबन्धात्मक प्रकार के उत्तर लिखना है। इन्हें शीर्षक के बारे में व्यवस्थित, बिन्दुवार और सुसंगत रूप में आपकी समझ/ज्ञान का वर्णन करने के लिए और आपकी योग्यता की परख करने के लिए दिया गया है।

**नियतकार्य 'ब'** में मध्यम कोटि के प्रश्न (एम सी क्यू) हैं। इन प्रश्नों में सर्वप्रथम तर्क और व्याख्या के अनुसार शीर्षक का विश्लेषण करना और तब संक्षिप्त रूप में उत्तर लिखना होता है। उनका मतलब सम्प्रत्ययों और प्रक्रियाओं में अन्तर स्पष्ट करने, तुलना करने अथवा स्पष्ट समझ की आपकी योग्यता की परख करने से है।

**नियतकार्य 'स'** में लघु कोटि के प्रश्न (एस सी क्यू) हैं। इन प्रश्नों को मतलब है व्यक्तियों, लेखों और घटनाओं के बारे में आपके संक्षिप्त प्रत्यास्मरण कौशल को सुधारना अथवा सम्प्रत्ययों और प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ रखना है।

नियतकार्यों को शुरू करने से पहले कृपया कार्यक्रम संदर्भित में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़िये। सभी टी.एम.ए. प्रश्नों के उत्तर आपको अपने स्वयं के शब्दों में लिखना आवश्यक है। आपके उत्तर विशेष अनुभाग के लिए लगभग निर्धारित शब्द सीमा के अर्न्तगत होने चाहिए। याद रखिये, नियतकार्यों के प्रश्नोत्तर लिखना आपके लेखन कौशल को सुधारेगा और आपको सत्रान्त परीक्षा के लिए तैयार करेगा।

जैसा कि कार्यक्रम संदर्शिका में उल्लिखित किया गया है, सत्रान्त परीक्षा में उपस्थित होने के लिए आपको सभी नियतकार्यों को निर्धारित समय के अन्दर जमा करना आवश्यक है।

## पूर्ण नियतकार्यों को जमा करना

| प्रवेश सत्र | जमा कराने की अंतिम तिथि | जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2022 में नामांकित विद्यार्थियों के लिए | 30 अप्रैल 2023 | संयोजक, विद्यार्थी अध्ययन केन्द्र |
| जनवरी 2023 में नामांकित विद्यार्थियों के लिए | 31 अक्टूबर 2023 | |

आपको अध्ययन केन्द्र से नियतकार्य जमा कराने की रसीद अवश्य प्राप्त करनी चाहिए और इसे संभालकर रखना चाहिए। यदि सम्भव हो तो नियतकार्यों की छायाप्रति भी अपने पास रखनी चाहिए। मूल्यांकन करने के बाद अध्ययन केन्द्र को नियतकार्यों को आपको वापस करना होगा। कृपया इस पर ध्यान दीजिए। अध्ययन केन्द्र को अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजना होता है।

हम आप से अपेक्षा करते हैं कि आप प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नियतकार्य में उल्लिखित प्रत्येक वर्ग के दिशा–निर्देशों के अनुसार दें। निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखना आपके लिए लाभदायक होगाः

1.) **नियोजन** : नियतकार्यों को ध्यान से पढ़िये। उन इकाईयों का अध्ययन कीजिए जिन पर नियतकार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न से सम्बन्धित कुछ बिन्दु तैयार कीजिए और तब उन्हें तार्किक क्रम में पुनर्व्यवस्थित कीजिए।

2.) **संगठन** : अपने उत्तर की एक मोटी रूपरेखा तैयार करने से पूर्व थोड़ा चयनात्मक और विश्लेषणात्मक होइये। अपने परिचय और निष्कर्ष के लिए पर्याप्त ध्यान दीजिए। सुनिश्चित कीजिए कि आपका उत्तर :

अ) तार्किक और सुसंगत है;

ब) वाक्यों और अनुच्छेदों के मध्य स्पष्ट संयोजन हो और

स) आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुतीकरण पर पर्याप्त ध्यान देते हुए ठीक तरह से लिखा गया है।

3.) **प्रस्तुतीकरण** : एक बार यदि आप अपने उत्तर से सन्तुष्ट हो गये तो आप प्रत्येक उत्तर को

स्वच्छता से लिखते हुए और आप जिन बिन्दुओं पर बल देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित करते हुए जमा करने के लिए अंतिम विवरण को लिख सकते हैं। यह सुनिश्चित कीजिए कि उत्तर निर्धारित शब्द सीमा के अन्तर्गत है।

आप के लिए शुभकामनायें!

शिक्षा विद्यापीठ

इग्नू, नई दिल्ली

बी ई एस सी–131: शिक्षा : संप्रत्यय, प्रकृति एवं परिप्रेक्ष्य

अनुशिक्षक अंकित नियतकार्य

पाठ्यक्रम कोड : बी ई एस सी–131

नियतकार्य कोड : बी ई एस सी–131/टीएमए/जुलाई 2022 और जनवरी 2023

कुल अंक : 100

तीन नियतकार्य हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। नियतकार्य प्रश्नों के कुल अंक 100 हैं।

## नियतकार्य 'अ'

निम्नलिखित प्रत्येक के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. शिक्षा के सामाजिक उद्देश्य की संकल्पना की व्याख्या कीजिए। शिक्षा के सामाजिक उद्देश्य के पक्ष और विपक्ष में तर्कों की परिचर्चा कीजिए। 20
2. शिक्षा के उद्देश्यों; पाठ्यचर्या, शिक्षणशास्त्र (पेडागॉजी) और शिक्षक और विद्यार्थियों के मध्य सम्बन्ध के विशेष सन्दर्भ में श्री अरबिन्द घोष के शैक्षिक दर्शन की परिचर्चा कीजिए। 20

## नियतकार्य 'ब'

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में) दीजिए।

3. आमने–सामने (फेस–टू–फेस), दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा पद्धति में तुलना और वैषम्य स्थापित कीजिए। 12

4. दर्शन और शिक्षा एक–दूसरे से किस प्रकार अर्न्तसम्बन्धित हैं ? व्याख्या कीजिए। 12

5. गाँधी जी के अनुसार बुनियादी शिक्षा पद्धति और शिक्षण शास्त्र (पेडागॉजी) की संकल्पना की व्याख्या कीजिए। 12

6. शिक्षा में असमानता के कारणों की व्याख्या कीजिए। 12

## नियतकार्य 'स'

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर** (प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में) **दीजिए।**

7. प्रायोगिक विधि की अनिवार्य विशेषताओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। 6

8. शास्त्रीय और क्रियाप्रसूत अनुबन्धन में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 6